अमर उजाला

# PM Narendra Modi: बजट 2022 हेल्थकेयर सिस्टम में लाएगा बड़ा बदलाव, तीन बिंदुओं में बताया सरकार का लक्ष्य

## सार

PM Modi Address Post Budget Webinar: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक पोस्ट बजट बेविनार में बोलते हुए कहा कि ये बजट बीते 7 साल से हेल्थकेयर सिस्टम को रिफॉर्म और ट्रांसफॉर्म करने के हमारे प्रयासों को विस्तार देता है। हमने अपने हेल्थकेयर सिस्टम में एक समग्र दृष्टिकोण को अपनाया है।



पीएम मोदी - फोटो : amar ujala

## विस्तार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को हेल्थकेयर सेक्टर को लेकर आयोजित पोस्ट बजट बेविनार में संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ये बजट बीते 7 साल से हेल्थकेयर सिस्टम को रिफॉर्म और ट्रांसफॉर्म करने के हमारे प्रयासों को विस्तार देता है। हमने अपने हेल्थकेयर सिस्टम में एक समग्र दृष्टिकोण को अपनाया है। आज हमारा फोकस हेल्थ तो है ही, कल्याण पर भी उतना ही अधिक ध्यान केंद्रित है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने तीन बिंदुओं में अपना लक्ष्य बताया।

### तीन फैक्टर्स का समावेश

पीएम मोदी ने कहा कि जब हम हेल्थ सेक्टर में समग्रता की बात करते हैं, तो इसमें तीन फैक्टर्स का समावेश कर रहे हैं। पहला, आधुनिक चिकित्सा विज्ञान से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर और ह्यूमेन रिसोर्स का विस्तार। दूसरा, आयुष जैसी पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धति में अनुसंधान को प्रोत्साहन करना और तीसरा आधुनिक और भविष्य की तकनीक के माध्यम से देश के हर व्यक्ति, हर हिस्से तक बेहतर और सस्ती स्वास्थ्य सेवा सुविधाएं पहुंचाना। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हेल्थ सर्विस की डिमांड बढ़ रही है, उसके अनुसार ही हम स्किल्ड हेल्थ प्रोफेशनल्स तैयार करने का भी प्रयास कर रहे हैं इसलिए बजट में हेल्थ एजुकेशन और हेल्थकेयर से जुड़े ह्युमेन रिसोर्स डेवलपमेंट के लिए पिछले साल की तुलना में बड़ी वृद्धि की गई है।

### स्वास्थ्य सुविधाओं से दूरी न रहे

मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारा प्रयास है कि क्रिटिकल हेल्थकेयर सुविधाएं ब्लॉक स्तर, ज़िला स्तर और गांवों के नजदीक हों। इस इंफ्रास्ट्रक्चर को बनाए रखना और समय-समय पर अपग्रेड करना जरूरी है। इसके लिए प्राइवेट सेक्टर और दूसरे सेक्टर्स को भी ज्यादा ऊर्जा के साथ आगे आना होगा।

### हेल्थकेयर नेटवर्क सशस्त बनेगा

प्रधामंत्री ने कहा कि प्राइमरी हेल्थकेयर नेटवर्क को सशक्त करने के लिए डेढ़ लाख हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों के निर्माण का काम भी तेजी से चल रहा है। अभी तक 85,000 से अधिक सेंटर रुटीन चेकअप, वैक्सीनेशन और टेस्ट की सुविधा दे रहे हैं। इस बार के बजट में इनमें मेन्टल हेल्थकेयर की सुविधा भी जोड़ी गई है।

### आयुष की भूमिका को दुनिया ने सराहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आयुष की भूमिका तो आज पूरी दुनिया मान रही और इसकी जमकर सराहना की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) भारत में अपना विश्व का एकमात्र ग्लोबल सेंटर ऑफ ट्रेडिशनल मेडिसिन शुरू करने जा रहा है।

### भारतीय तकनीक का लोहा दुनिया ने माना

बेविनार को आगे संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना टीकाकरण में कोविन जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से हमारी डिजिटल तकनीक का लोहा पूरी दुनिया ने माना है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, कंज्यूमर और हेल्थकेयर प्रोवाइडर के बीच एक आसान इंटरफेस उपलब्ध कराता है। इससे देश में उपचार पाना और देना, दोनों बहुत आसान हो जाएंगे।